UPSI120015972020

न्यायालय सिविल जज (जू०डि०), बिसवाँ, सीतापुर

पीठासीन अधिकारी- (रामेश्वर दयाल), (उ०प्र० न्यायिक सेवा) - UP02374

मूल वाद संख्याः- 271/2020

शिवराज बनाम देशराज।

दिनांकः- 23.09.2020

वाद पत्र मय मुंसरिम आख्या प्रस्तुत हुआ। आख्या का अवलोकन किया।

आदेश

वाद दर्ज रजिस्टर हो, प्रतिवादी को समन जारी हो। वाद दिनाँक 21.10.2020 वास्ते लिखित उत्तर व दिनाँक 28.10.2020 को वास्ते विरचित किये जाने वाद बिन्दु पेश हो।

दिनाँक **23.09.2020**

सिविल जज (जू०डि०)
बिसवाँ, सीतापुर।

पत्रावली पेश हुई। पुकार पर वादी के विद्वान अधिवक्ता उपस्थित। वादी की ओर से प्रार्थना पत्र 6 ग 2 मय शपथ पत्र 7 ग 2 इस आशय से प्रस्तुत किया गया है कि वादीय भूमि स्थित ग्राम बालकपुरवा म० बंध्यैया परगना व तहसील बिसवाँ जिला सीतापुर जिसे वादपत्र के साथ प्रस्तुत मानचित्र में अक्षर अ ब स द से दर्शाया गया है पर प्रतिवादी जबरत कब्जा करने व उसमें लगे पेड़ व बांस कोठी को काटने हेतु बराबर प्रयासरत है। यदि वह अपने दुरुद्देश्य में सफल हो गया तो वादी की असीम एवं अपूर्णीय क्षति होगी। अतः दौरान मुकदमा प्रतिवादी को उक्त वादीय भूमि पर जबरन कब्जा करने व उसमें लगे पेड़ व बांस कोठी को काटने व अन्य प्रकार से अवरोध उत्पन्न करने से सदैव के लिए मना करने की कृपा करें।

अतः मामले के तथ्यों व परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए प्रतिवादी को सुने बिना वादी के पक्ष में एक पक्षीय रूप से अस्थायी प्रतिबन्ध जारी किये जाने का आधार पर्याप्त नहीं है।

आदेश

पत्रावली वास्ते आपत्ति / निस्तारण प्रार्थना पत्र 6 ग ^{2} दिनांक 14.10.2020 को पेश हो।

(रामेश्वर दयाल)
सिविल जज (जू०डि०),
बिसवाँ, सीतापुर।

प्रार्थना पत्र **8** ग ^{2}

सुना तथा पत्रावली का अवलोकन किया।

प्रार्थना पत्र 8 ग ^{2} बाबत कमीशन स्वीकार किया जाता है। न्यायालय अमीन को रिट बाबत कमीशन जारी हो। बाद पैरवी न्यायालय अमीन अपनी आख्या मय मानचित्र नियत तिथि तक प्रस्तुत करें।

सिविल जज (जू०डि०)
बिसवाँ, सीतापुर।

Digitally signed by Rameshwar Dayal
Date: 2020.09.23 15:48:06 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court